# LMEL ने महिलाओं को दिया रोजगार

## सशक्तिकरण की ओर एक नया कदम



■ **गड़चिरोली, ब्यूरो.** लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड (एलएमईएल) ने नया अध्याय लिखते हुए एलएमईएल द्वारा आयोजित हल्के मोटर वाहन चलाने का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाली कोनसरी गांव की 19 महिलाओं को रोजगार देकर उनका सक्षमीकरण किया है. इस समय लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी प्रमुखता से मौजूद थे. वर्ष 2025 के जून माह में एलएमईएल ने कोनसरी गांव की 19 महिलाओं को मध्यप्रदेश राज्य के छिंदवाडा स्थित अशोक लेलैंड के केंद्र में हल्के वाहन चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भेजा था. 45 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान इन महिलाओं को हल्के वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया. इस प्रशिक्षण से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा, उन्हें अधिक सम्मान की अनुभूति हुई. इन महिलाओं द्वारा नया कौशल हासिल करने पर उनके परिवार के सदस्य भी गर्व महसूस कर रहे है. कोनसरी स्थित लॉयड्स कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित समारोह में एलएमईएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि लॉयड्स मेटल्स सामुदायिक सशक्तिकरण को अपनी सफलता की आधारशिला मानता है. स्थानीय समुदाय में कौशल निर्माण के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण, कार्यबल में लैंगिक विविधता सुनिश्चित करना और महिलाओं को उन्नति के नए अवसर प्रदान करना एलएमईएल के प्रबंध निदेशक बी. प्रभाकर के संवेदनशील दृष्टिकोन का हिस्सा है. एलएमईएल परिवार में इन महिलाओं के शामिल होने से उनके जीवन में प्रगति का एक नया अध्याय शुरु होने की बात कही है. इस समय एलएमईएल परिवार के इन नए सदस्यों को नियुक्ति पत्र, प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रमाणपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और गुलदस्ता प्रदान किया गया.